# क्षतिग्रस्त पाइप लाइन तुरंत सुधारें : कलेक्टर

## सुचारू जलापूर्ति के लिए डाउन द लाइन टीम को चौबीस घंटे मुस्तैद रहने के आदेश, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का हो संतुष्टिपूर्ण निराकरण

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और पानी से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दैनिक समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए डाउन द लाइन पूरी टीम मुस्तैद रहे, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का शत-प्रतिशत संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो.**



उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज पेयजल संबंधी शिकायतों की समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि यदि पानी के मुख्य स्त्रोत से संबंधित कोई शिकायत है, तो वहां वैकल्पिक स्त्रोत से पानी की व्यवस्था की जाए. शिकायतों का केवल कागजी नहीं, बल्कि धरातल पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण होना चाहिए. ऐसे क्षेत्र या ग्रामीण इलाके जहां से बल्क में शिकायतें आ रही हैं, वहां जल निगम के महाप्रबंधक स्वयं विजिट करें और स्थिति को संभालें. ग्रामीण विकास और पीएचई की टीम जॉइंट सर्वे करे. संयुक्त टीम तत्काल उन क्षेत्रों का सर्वे करेगी जहां हैंडओवर को लेकर समस्याएं आ रही हैं. टीम आपसी तालमेल से आ रही दिक्कतों को तुरंत ठीक करते हुए नल-जल योजनाओं को शीघ्र हस्तांतरित करने की कार्रवाई पूरी करे, जो योजनाएं चालू हो गई हैं, उन्हें संबंधित ग्राम पंचायत तक हर हाल में पहुंचाया जाए.

कलेक्टर ने अधोसंरचना को दुरुस्त करने के लिए भी स्पष्ट निर्देश जारी किए, जहां भी पानी की लाइन क्षतिग्रस्त है, उसे तत्काल सुधारा जाए. सुधार कार्य के दौरान भी समानांतर रूप से बाकी घरों में पानी की सप्लाई निरंतर सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता परेशान न हो. उन्होंने निर्देश दिए कि जो बोरवेल धंस या बैठ गए हैं, उनके स्थान पर तुरंत नया बोर खनन कराया जाए. पुराने या असफल बोरवेल को किसी भी हाल में खुला न छोड़ें, उन्हें पूरी तरह सुरक्षित रूप से बंद किया जाए. कलेक्टर ने भविष्य के विकास कार्यों और तकनीकी दक्षता को ध्यान में रखते हुए बैठक में कुछ निर्णय लिए. सभी संबंधित विभाग पेयजल लाइनों का नेटवर्किंग मैप ग्राम पंचायत को सौंपेंगे, ताकि भविष्य में होने वाले नाली निर्माण या अन्य विकास कार्यों के दौरान पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त न हों. इस संबंध में इंजीनियर्स के लिए एक विशेष वर्कशॉप भी आयोजित की जाएगी. पानी का वितरण सही ढंग से हो, इसके लिए पीएचई और जल निगम की डाउन द लाइ टीम के माध्यम से वाल्व ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग के लिए कार्यशाला आयोजित की जाएगी. बैठक में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन आदि मौजूद थे.

# हत्या के मामले में आठ आरोपी हुए गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. थाना मोतीनगर क्षेत्र में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने घटना में शामिल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल भेज दिया गया.**



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया श्रीमती वर्षा पटेल निवासी ग्राम अमावनी, थाना मोतीनगर ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उनके परिवार की लगभग चार एकड़ कृषि भूमि ग्राम अमावनी में स्थित है. उक्त भूमि से लगी हुई जमीन पर कुछ व्यक्तियों द्वारा प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था. इस बीच कुछ लोग मोटरसाइकिलों से मौके पर पहुंचे और उनके खेत में लगाई गई तार फेंसिंग तथा लकड़ी की बल्लियों को उखाड़ने लगे फरियादिया के ससुर नंदराम पटेल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने एकजुट होकर गाली-गलौज शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी की बल्लियों, डंडों एवं तलवार से उन पर हमला कर दिया. हमले में नंदराम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई.

थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई. पुलिस टीम ने घटना के बाद आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी. वारदात में शामिल आरोपी यशवंत उर्फ विकास खटीक, ध्रुव अहिरवार, दिलीप अहिरवार, हुकुचंद कोरी, विनोद पटेल, दयाराम कुशवाहा, अंकित कोरी, शाहरूख राईन को गिरफ्तार किया है. पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा घटना में संलिप्तता स्वीकार की.

# हैदराबाद को मिली सागर से नई ट्रेन, परिचालन होगा शुरू

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. रेल मंत्री अश्विन वैष्णव द्वारा पत्र के माध्यम से रीवा, सागर, नागपुर, हैदराबाद ( चारलापल्ली ) के मध्य नई नियमित ( स्थायी ) ट्रेन सेवा को स्वीकृति प्रदान की गई है.**

इस नई ट्रेन सेवा में सागर एवं बीना जैसे प्रमुख स्टेशनों पर नियमित ठहराव रहेगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक सुधार होगा. यह ट्रेन विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी जो चिकित्सा उपचार हेतु नागपुर एवं हैदराबाद जाते हैं, साथ ही आईटी सेक्टर, व्यापार एवं शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए भी यह सुविधा नई संभावनाएं खोलेगी.

वर्षों से लंबित मांग को सांसद डॉ. लता वानखेड़े के सतत प्रयासों एवं प्रभावी पहल के कारण उनके कार्यकाल में साकार किया जा सका है, जो सागर लोकसभा क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी.

## संडे ऑन साइकिल का आयोजन आज होगा

**सागर 6 जून.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में भारत सरकार की खेलों इंडिया स्कीम एवं फिट इंडिया साइकिल ड्राइव के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग, एनसीसी, एनएसएस, के तत्वधान एवं क्रीडा भारती, सागर के सहयोग से 7 जून रविवार को प्रात: 7 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया गया है.

इस रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय के अब्दुल गनी खान स्टेडियम से तिली चौराहे तक आयोजित की जाएगी.

# जलवायु परिवर्तन जागरुकता पोस्टर लांच

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर द्वारा जलवायु परिवर्तन विषय पर पोस्टर का अनावरण किया.**



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा समाज में पर्यावरणीय जागरूकता का प्रसार करना तथा सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है. इस अवसर पर वृत्तचित्र प्रदर्शन, आमंत्रित व्याख्यान, मिशन लाइफ जागरूकता पैम्फलेट का विमोचन, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण अभियान एवं जागरूकता पुस्तिकाओं का वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, पोस्टर चित्रकला, कहानी लेखन, नारा लेखन तथा कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया. प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की.

# धनौरा मंडल ने किया पौधारोपण



नवभारत न्यूज

**खुरई 6 जून. भाजपा खुरई विधानसभा धनौरा मंडल स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया.**

कार्यक्रम में धनौरा मण्डल अध्यक्ष राजपाल सिंह राजपूत, शक्तिकेन्द्र संयोजक देवी सिंह लोधी, मुड़िया सरपंच क्रोध विश्वकर्मा, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी राहुल राजपूत, राजकुमार राजपूत महूना जाट, गजेंद्र सिंह बाड़ोली, भरत सिंह जामुनखेड़ी, विनोद पटवा सिमरिया घाट एवं बेरी सरपंच सत्यम कुर्मी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीवासी व अन्य नागरिक उपस्थित रहे.

# सीएम हेल्पलाइन में नपा को मिला ए ग्रेड

नवभारत न्यूज

**खुरई 6 जून. नगर पालिका परिषद खुरई स्वच्छता में पहले ही अनेकों तो कीर्तमान बना चुकी है और अब एक कदम आगे बढ़ते हुए नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने में भी अग्रणी साबित हो रही है.**

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर पालिका परिषद खुरई को प्रशंसा-पत्र प्रदान किया गया है. विभाग द्वारा जारी प्रशंसा-पत्र में उल्लेख किया गया है कि नपाा ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अप्रैल 2026 माह में 100 प्रतिशत संतुष्टि के साथ एक-ग्रेड प्राप्त किया. इस उपलब्धि पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है.

नगर पालिका परिषद खुरई के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले के नेतृत्व में नगर पालिका खुरई द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है. सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए सतत मॉनिटरिंग एवं प्रभावी कार्यप्रणाली अपनाई गई, जिसके परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई. इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने कहा कि यह सम्मान नगर पालिका के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, समर्पण और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए नगर पालिका खुरई इसी तरह से कार्य करती रहेगी.

# ज्ञानोदय विद्यालय में पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संभागीय उपायुक्त सुधीर श्रीवास्तव द्वारा संभागीय उपायुक्त कार्यालय एवं शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में वृक्षारोपण किया.**



इस अवसर पर शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय के प्राचार्य महेश सोनी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. उपायुक्त श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण को अपनी जिम्मेदारी बनाना होगा. इस अवसर पर शालिनी जैन, पूनम कटारिया, शिवकुमार साकेत, दीपक रैंकवार, माधव पटेल, रिंकू राज, सुरेश गोंड, राजेश अहिरवार, श्यामलाल रजक मौजूद थे.

# निरीक्षण के दौरान परीक्षाएं सुचारू संचालित

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल की सेमेस्टर परीक्षाओं के तहत परीक्षा केंद्र क्रमांक इमानुएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया.**



इस दौरान उन्होंने परीक्षा संबंधी तमाम व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया. प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने स्कूल प्राचार्य आनंद मुकुंद गुप्ता तथा केंद्र अध्यक्ष वंदना जुदहा की उपस्थिति में परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा संबंधी प्रबंधों को परखा. आंकड़ों की समीक्षा करने पर पाया गया कि दर्ज कुल 429 परीक्षार्थियों में से 412 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि मात्र 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. सागर संभाग और जिले के अंतर्गत आने वाले शिक्षण संस्थानों सरस्वती शिशु मंदिर और जनता हायर सेकेंडरी स्कूल को इस परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है. एक्सीलेंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंडा में भी परीक्षा केंद्र संचालित हो रही हैं.



# मार्च पास्ट और मुनादि हो रही

नवभारत न्यूज

**बंडा 6 जून. बंडा वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों के सुरक्षित पुनर्वास और विस्थापन की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा लगातार और तीव्र गति से संचालित की जा रही है.**

परियोजना के समय-सीमा में क्रियान्वयन और डूब क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मैदानी जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित गांवों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रभावित ग्रामों एवं डूब क्षेत्र में मार्च पास्ट और मुनादी के माध्यम से लोगों को विस्थापन के संबंध में सूचनाएं प्रदान की जा रही हैं. मुनादी के दौरान ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि नई कॉलोनी में उनके आवास और सुचारू जीवनयापन के लिए सभी बुनियादी प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं. प्रभावित नागरिकों से किया है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व की विकास परियोजना को नियत समय में पूर्ण करने और आगामी वर्षाकाल से पूर्व स्वयं की सुरक्षा के लिए प्रशासनिक अमले का सहयोग करें.

## काव्य पाठ करेंगे कवि

**सागर.** प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था ललित फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तरीय त्रिदिवसीय साहित्यिक आयोजन अभिव्यंजना-05 आगामी 6, 7 एवं 8 जून को उत्तराखंड के नैनीताल स्थित जिम कॉर्बेट में आयोजित किया जा रहा है. आयोजन में कवि डॉ. कुमार विश्वास, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, सुनील जोगी सहित राष्ट्रीय स्तर के अनेक प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकार मार्गदर्शन करेंगे.

सागर से इस राष्ट्रीय आयोजन में शामिल होने वाले रचनाकारों में कवि कपिल चौबे, ईश्वर दयाल गोस्वामी, प्रभात कटारे ,भानु प्रताप ,उदित साहू साथ ही नरसिंहपुर जिले से अमित जैन संजय ब टीम का चयन किया गया है.

# पर्यावरण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को लेकर निगम की बैठक में कार्ययोजना बनाने का निर्णय

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. नगर निगम सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के परिपालन हेतु जागरूकता एवं न्यायालय के निर्देशों का क्रियावन्यन सुनिश्चित करने, कचरा पृथक्कीकरण, वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियानों की कार्ययोजना तैयार होगी.**



बैठक में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि शासन द्वारा इस वर्ष ए ग्लोबल काल फार क्लाईमेट एक्शन थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जावेंगी. आज आवश्यकता इस बात की है कि हम केवल पर्यावरण संरक्षण की बात न करें, बल्कि उसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं. नगर निगम द्वारा 12 जून तक विभिन्न जनजागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. महापौर ने कहा कि होम कम्पोस्टिंग को अपनाएं और कचरे को संसाधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में आगे बढ़ें. यह न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूत बनाएगा.

बैठक में एमआई सी सदस्य एवं स्वच्छता समिति प्रभारी अनूप उर्मिल, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती रुबी पटेल, श्रीमती अनीता रामू ठेकेदार, वैदेही पुरोहित, प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आनंद मंगल गुरु आदि मौजूद थे.



# बांदरी में जुआ फड़ पर छापा

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. बांदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गीदा स्थित पानी की टंकी के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआफड़ की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी की गई.**

जानकारी के अनुसार पुलिस को देखकर कुछ व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस बल एवं गवाहों की सहायता से पकड़ लिया गया. कार्रवाई के दौरान कुल 08 आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 56,010 नगद राशि, 52 ताश के पत्ते, 03 मोटर साइकिल, 05 एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 02 कीपैड मोबाइल फोन जब्त किए गए. गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक उपाध्याय, उदय सिंह बघेल, रामनरेश तिवारी, अशोक चढ़ार, राजेन्द्र उर्फ ओमनारायण अहिरवार, भगवान सिंह दांगी, नत्थू अहिरवार एवं अनिल अहिरवार शामिल हैं.

**जनभागीदारी** | वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों का स्थानांतरण प्रस्तावित

# चीता संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने गांव-गांव पहुंच रही वन टीम

नवभारत न्यूज

**सागर 6 जून. चीता स्थापना कार्यक्रम के अगले चरण में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों को स्थानांतरित किया जाना है.**



इस पहल के तहत स्थानीय ग्रामीणों के बीच चीता प्रजाति, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व तथा क्षेत्र के अन्य वन्य प्राणियों के संरक्षण के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. साथ ही चीता प्रजाति के संबंध में प्रचलित भ्रांतियों एवं नकारात्मक धारणाओं को दूर करने तथा वन्यजीव संरक्षण में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रिजर्व के समीपवर्ती ग्रामों में चीता चौपाल कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है. चीता चौपाल के दौरान ग्रामीणों एवं बच्चों को लघु वृत्तचित्र तथा पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चीता संरक्षण, जैव विविधता एवं वन्यजीवों के महत्व की जानकारी दी जाती है. क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाता है. उल्लेखनीय है कि संचालन एवं प्रस्तुतीकरण का दायित्व वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पदस्थ 30 से अधिक वनरक्षकों एवं दैनिक श्रमिकों द्वारा निभाया जा रहा है. इसके लिए उन्हें पिछले एक माह के दौरान चरणबद्ध तरीके से पब्लिक स्पीकिंग, पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण तथा संरक्षण संबंधी विषयों पर प्रश्नोत्तर आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच संवाद स्थापित करते हुए उन्हें उनकी भौगोलिक एवं प्राकृतिक धरोहर से परिचित कराना, वन एवं वन्यजीवों के प्रति स्वामित्व की भावना विकसित करना तथा उनके संरक्षण संबंधी दायित्वों के प्रति जागरूक बनाना है.

# धार्मिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 6 जून. सांगानेर शिक्षण शिविर संस्थान द्वारा शिविर के जिला संयोजक आलोक जैन भैया मुकेश जैन के मार्गदर्शन में आयोजित पाठशाला में बालबोध, ईस्टॉपदेश, छहढाला ग्रंथों में अध्ययनरत बच्चों, महिलाओं, पुरुष वर्ग की आयोजित हुई परीक्षा का परिणाम सांगानेर शिक्षण शिविर संस्थान जयपुर द्वारा घोषित किया गया.**



बालबोध विषय में प्रथम स्थान पर उत्कर्ष जैन, द्वितीय बहिन आरोही, तृतीय स्थान सृष्टि रहे, इष्टोपदेश में प्रथम द्वितीय स्थान पर आर्या जैन, नेहा जैन व वर्षा मोदी एवं छहढाला ग्रंथ में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमश: आर्या जैन, खुशी एवं वर्षा मोदी रही. शिविर संस्थान जयपुर द्वारा इन प्रतिभागियों को शिविर संस्था एवं जैन महिला मंडल व जैन समाज बिरधा द्वारा प्रमाण पत्र व तीर्थंकर-संतों के चित्र पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए. अन्य छात्रों जिसमें अशोक जैन मोदी, कैलाश चंद जैन, संदेश जैन, पीयूष जैन, दीपिका, सोनम, मेघा, पूजा, विभांश, अवनी छायांशी आदि को सांत्वना पुरस्कार प्रदान करके उत्साह बढ़ाया गया.